पेज थ्री देहरादून

पूर्व सीएम हरीश रावत का घेराव करते क्षेत्रवासी।

देहरादून बृहस्पतिवार 5 नवंबर 2020





# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य में विकास प्राधिकरणों को खत्म करने की मांग

**संवाददाता** देहरादून। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत ने मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को ज्ञापन सौंपकर राज्य में विकास प्राधिकरण को समाप्त करने की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष ने ज्ञापन में लिखा है कि ये प्राधिकरण अपनी स्थापना के उद्देश्यों को पूरा नहीं कर सके हैं और न ही विकास प्राधिकरणों का विकास में कोई योगदान है। वहीं, ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को इस मामले पर समुचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत ने बताया कि पिछले दिनों उन्होंने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया था।

### भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का समापन

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय जनता पार्टी, देहरादून महानगर के शहीद दुर्गामल्ल मण्डल के दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का बुधवार को समापन हुआ। समापन अवसर पर मुख्य वक्ता के तौर पर विधायक गणेश जोशी ने मण्डल के कार्यकर्ताओं को प्रदेश की भाजपा सरकार की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया। दून के मसूरी रोड़ स्थित पेसेलविट स्कूल के प्रेक्षागृह में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग को सम्बोधित करते हुए विधायक जोशी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने भ्रष्टाचार पर पूर्ण रुप से अंकुश लगा कर रखा है, जो हम सब कार्यकर्ताओं के लिए गर्व की बात है।

### मास्क ना पहनने व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन न करने पर हो सख्त कार्रवाई : डीएम

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी डॉ आशीष कुमार श्रीवास्तव ने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने अपने क्षेत्रों में भीड़–भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर मास्क ना पहनने व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन न करने वालों पर सख्त कार्रवाई अमल में लाएं। उन्होंने कहा कि जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में दुकानदारों को भी इन्टिमेट करें कि वे स्वयं भी मास्क पहने और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें तथा दुकानों पर आने वाले उपभोक्ताओं को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करें सोशल डिस्टेसिंग के पालन हेतु दुकानों के आगे गोले बनाए।

### 20 प्रस्ताव पर कैबिनेट की सहमति

**प्रथम पेज का शेष...**भरण–पोषण अनुदान नियमावली में परित्यक्ता महिला, मानसिक विक्षिप्त पती–पत्नी इत्यादि के लिए संशोधन करते हुए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए 48 हजार वार्षिक आय को स्वीकार किया गया। वर्ष 2018–19 के लिए अनुसूचित जाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के लिए 30 करोड़ 61 लाख 68 हजार की स्वीकृति दी गई।

# केदारनाथ एवं बद्रीनाथ पुनर्निर्माण कार्यों को निर्धारित समय पर पूरा करें

**समीक्षा**

■मुख्य सचिव ओमप्रकाश ने सचिवालय में बद्रीनाथ–केदारनाथ पुनर्निर्माण कार्यों की समीक्षा की

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्य सचिव ओमप्रकाश ने बुधवार को सचिवालय में बद्रीनाथ–केदारनाथ पुनर्निर्माण कार्यों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने केदारनाथ पुनर्निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि केदारनाथ एवं बद्रीनाथ पुनर्निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा के अन्दर पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने सभी कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने के भी निर्देश दिए।

सचिव लोनिवि आर सुधांशु ने बताया कि केदारनाथ हेतु नए मशीनी उपकरणों को एयरलिफ्ट कर लिया गया है, जो 17 नवम्बर तक असेम्बल कर लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि केदारनाथ में 03 गुफाओं का निर्माण कार्य भी पूर्ण हो चुका है। बताया गया कि केदारनाथ हैलीपैड के पास 50 फेब्रीकेटेड दुकानों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

मुख्य सचिव श्री ओमप्रकाश ने तीनों गुफाओं को 11 नवम्बर, 2020 तक गढवाल मंडल विकास निगम को हैंडओवर करने के निर्देश दिए। उन्होंने सोनप्रयाग की पार्किंग क्षमता वृद्धि कार्य को 31 दिसम्बर तथा सीतापुर में नवीन पार्किंग स्थल निर्माण की फाईनेंशियल बिडिंग का कार्य 15 नवम्बर तक पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने लोनिवि को केदारनाथ में आवश्यक स्टाफ की शीघ्र तैनाती करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केदारनाथ में फेज–2 के कार्यों की निविदा आबंटन का कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि मंदाकिनी नदी पर बनने वाले 60 मीटर पुल को दिसम्बर तक पूर्ण कर लिया जाए।

मुख्य सचिव ने बद्रीनाथ में रोड शिफ्टिंग के कार्य हेतु लोनिवि एवं बीआरओ द्वारा संयुक्त सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसका फीजिबिलिटी टैस्ट एवं हिमस्खलन सम्भावित क्षेत्र में रोड की सुरक्षा समाधान के लिए तकनीकी सलाह लेने के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने मंदाकिनी फ्लड जोन एवं अलकनन्दा फ्लड जोन कार्य में तेजी लाने के निर्देश देते हुए इसे ससमय पूर्ण करने की बात कही।

मुख्य सचिव ने सचिव राजस्व को भूमिधारी अधिकार का शासनादेश शीघ्र जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने बद्रीनाथ मास्टर प्लान हेतु आवश्यक सर्वे की अद्यतन स्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बद्रीनाथ पुनर्निर्माण हेतु आवश्यक सर्वे हेतु समय सीमा निर्धारित करते हुए सर्वे का कार्य शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण करवा लिया जाए।

इस अवसर पर सचिव पर्यटन दिलीप जावलकर, आयुक्त गढ़वाल मंडल रविनाथ रमन, सचिव राजस्व सुशील कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बुकिंग के लिए सिंगल विंडो सिस्टम शुरू करें

**प्रथम पेज का शेष...**कैबिनेट मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत ने कहा कि कार्बेट टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत ढेला 'रेस्क्यू सेन्टर' एवं पाखरो 'टाइगर सफारी' की स्थापना का कार्य प्रगति पर है, गर्जिया टूरिज्म जोन की स्थापना की जा रही है। राज्य में 2006 में बाघों की संख्या 178 थी, जो 2018 तक बढ़कर 442 हो गई है। हाथियों की संख्या 2017 तक 1839 थी, जो अब बढ़कर 2026 हो गई है। वर्षा जल संरक्षण की दिशा में 02 वर्षों में लगभग 68.37 करोड़ ली0 वर्षा जलसंचय की संरचनाओं का निर्माण किया गया। आयुष विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि आयुष विभाग द्वारा लोगों को योग, प्रणायाम डाइट चार्ट एवं आयुष से संबधित विभिन्न गतिविधियों के बारे में विभिन्न माध्यमों से जागरूक किया जाय। आयुष मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत ने कहा कि कोविड के दौरान आयुष विभाग द्वारा 02 लाख से अधिक काढ़ा के रूप में सुरक्षा किट वितरित की गई। आयुष विभाग द्वारा प्री कोविड और पोस्ट कोविड किट तैयार की गई है। विभागीय वेबसाईट को उद्योग विभाग के सिंगल विंडों सिस्टम तथा भारत सरकार के श्रम सुविधा पोर्टल के साथ इंटीग्रेट किया गया है।

# विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रत्येक माह राजभवन को कराए उपलब्ध

**बैठक**

■ राज्यपाल ने जिलाधिकारी नैनीताल को सख्त निर्देश दिये

देहरादून/नैनीताल। **संवाददाता**



राज्यपाल बेबी रानी मौर्य ने जिलाधिकारी नैनीताल को सख्त निर्देश दिये है कि नैनीताल जिले में हो रहे विकास कार्यों की प्रगति रिर्पोट प्रत्येक माह राजभवन को उपलब्ध करवायी जाय। राज्यपाल ने जिलाधिकारी को नैनीताल व कुमाउँ मण्डल के अन्य जनपदों के महिला स्वयं सहायता समूहों को नैनीताल बाजार, अन्य महत्वपूर्ण बाजारों तथा पर्यटक स्थलों पर उनके स्थानीय उत्पादों व हस्तशिल्पों की बिक्री हेतु स्थान उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए है। उन्होंने होम स्टे पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाने के भी निर्देश दिये है।

राज्यपाल बेबी रानी मौर्य ने बुधवार को राजभवन नैनीताल में नैनीताल जिले में हो रहे विकास कार्यों विशेषकर होम स्टे योजना, यातायात प्रबंधन, महिला स्वयं सहायता समूहों की स्थिति, वनाग्नि की स्थिति तथा पुलिस–प्रशासन द्वारा नशाखोरी को रोकने के लिये किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की।

राज्यपाल श्रीमती मौर्य ने जिलाधिकारी तथा लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को माल रोड़ नैनीताल के सर्वे होने के बाद मार्ग निर्माण के कार्य को शीघ्र से शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस सम्बन्ध में अधिकारियों ने जानकारी दी की मार्च 2021 तक कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। राज्यपाल ने नैनीताल जनपद में होम स्टे योजना की प्रगति की जानकारी ली।

जिला पर्यटन विकास अधिकारी ने जानकारी दी कि उत्तराखण्ड सरकार के राज्यभर में वर्ष 2020 तक 5000 होम स्टे विकसित करने के लक्ष्य के सापेक्ष कुमाऊँ मण्डल में 2275 होम स्टे विकसित का लक्ष्य है। अभी तक 1017 होम स्टे पंजीकृत किये जा चुके हैं तथा 85 होम स्टे के पंजीकरण की प्रक्रिया गतिमान है। राज्यपाल श्रीमती मौर्य ने निर्देश दिये की होम स्टे पंजीकरण में आ रही बाधाओं का त्वरित निस्तारण किया जाय।

### डोबरा–चांठी पहुंचे हरीश रावत का बांध प्रभावितों ने किया घेराव

**संवाददाता** देहरादून। डोबरा–चांठी पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह का रौलाकोट के बांध प्रभावितों ने घेराव किया। प्रभावितों ने कहा कि सीएम रहते हरीश रावत ने डोबरा–चांठी पुल प्रभावितों की मांगों का निराकरण नहीं किया। पुलिस ने बमुश्किल पूर्व सीएम के काफिले को पार करवाया। राज्य स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर आठ नवंबर को टिहरी बांध प्रभावितों को डोबरा–चांठी पुल की सौगात मिलेगी। सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत पुल का लोकार्पण करेंगे। लोकार्पण कार्यक्रम को भव्य स्वरूप देने के लिए प्रशासन और लोनिवि के अधिकारी तैयारियों में जुट गए हैं। पुल से वाहनों का आवागमन शुरू होने से बांध प्रभावित प्रतापनगर, थौलधार ब्लॉक और उत्तरकाशी जिले की गाजणा पट्टी के लोगों को आवागमन की सुविधा मिलेगी।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून
ही मान्य होगा।